राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–5/03652/2021 जयपुर, दिनांकः 30.09.2021

कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–5/02831/2021 दिनांक 13.08.2021 के द्वारा श्री रूपक कुमार झा, सूचना सहायक का स्थानांतरण/पदस्थापन कार्यालय–जिला परिवहन अधिकारी, परिवहन विभाग, भिवाड़ी, अलवर से कोष एवं लेखा विभाग, नई दिल्ली में श्रीमती संगीता, सूचना सहायक के स्थान पर किया गया था। विभाग के इसी आदेश के द्वारा श्रीमती संगीता का स्थानान्तरण/पदस्थापन कोष एवं लेखा विभाग, नई दिल्ली से जिला परिवहन अधिकारी, परिवहन विभाग, भिवाड़ी, अलवर में श्री रूपक कुमार झा के स्थान पर किया गया था। विभागीय आदेश क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–5/ML–3448 दिनांक 17.09.2021 के द्वारा आदेश दिनांक 13.08.2021 को दोनो कार्मिकों के लिए निरस्त कर दिया था।

माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर द्वारा अपील संख्या 3910/2021 में पारित आदेश दिनांक 23.09.2021 के द्वारा आदेश दिनांक 17.09.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी श्री रूपक कुमार झा के पदस्थापन के संबंध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित रखा है। माननीय अधिकरण के आदेश की पालना में श्री रूपक कुमार झा कार्यालय कोष एवं लेखा विभाग, नई दिल्ली में कार्यरत रहेंगे।

श्रीमती संगीता का स्थानांतरण/पदस्थापन कार्यालय– कोष एवं लेखा विभाग, नई दिल्ली से जिला परिवहन अधिकारी, परिवहन विभाग, भिवाड़ी, अलवर (रिक्त पद पर) किया जाता है।

उपरोक्त आदेश की पालना में श्रीमती संगीता अपने नवपदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति देवें।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

नोटः–नियमानुसार यात्रा भत्ता/योगकाल देय होगा।

आज्ञा से,

(सुनील छाबडा)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1 निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय (प्रभारी मंत्री महोदय, सू.प्रौ. और संचार विभाग) राजस्थान, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव / आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3 कार्यालयाध्यक्ष/ प्रभारी अधिकारी संस्थापन, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
4 संबंधित विभागाध्यक्ष /कार्यालयाध्यक्ष.. ।
5 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
6 प्रभारी अधिकारी विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित)/लीगल सैल, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7 संबंधित कर्मचारियों को प्रेषित कर लेख है कि तुरन्त प्रभाव से नव पदस्थापन विभाग में कार्यग्रहण कर इस विभाग को सूचित करें साथ ही कार्यग्रहण रिपोर्ट oic.estt@rajasthan.gov.in पर ई–मेल करें।
8 निजी/रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव